कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री श्री रेवड मल मीना पुत्र श्री गंगाराम मीना निवासी ग्राम बडेखन पोस्ट बिलौना कलां तहसील लालसोट जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट जिला दौसा

अपील संख्या 04/2022

निर्णय

दिनांक 09.02.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लालसोट को पत्र कमांक:डीएम/कोर्ट/2022/33 दिनांक 10.01.2022 एवं स्मरण पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/179 दिनांक 25.01.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट जिला दौसा ने पत्र कमांक:भू0अ0/2022/286 दिनांक 31.01.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना दिनांक 28.10.2021 को ही उपलब्ध करा दी गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.03.22 16:32:58 IST
Reason: SelfAttested